दिनांक: 28.06.2025 **समय: 02.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री आचार्य विद्यानंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत अपने शाश्वत विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। नई दिल्ली में आचार्य विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। उन्होंने कहा कि आचार्य विद्यानंद मुनि इस प्राचीन भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आचार्य श्री विद्यानंद जी ने अपने जीवन को केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माण का एक सशक्त माध्यम बनाया। श्री मोदी ने कहा कि देश को विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प को केंद्र में रखते हुए सरकार देश के सांस्कृतिक स्थलों और तीर्थ स्थलों का भी विकास कर रही है।

मुख्यमंत्री मेहगांव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिण्ड जिले के मेहगांव में आयोजित किसान एवं रोजगार सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिले के दंदरौआ में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 44 करोड़ 50 लाख रूपये से अधिक राशि के विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे।

राइज-पन्ना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रतलाम में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एण्ड एम्पलायमेंट-राइज कॉन्क्लेव का शुभारंभ कर कई सौगातें दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पन्ना में जनकपुर स्थित डायमण्ड पार्क में 12 करोड़ 65 लाख रूपए लागत के अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर जिले के हितग्राहियो को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

अटल पेंशन

असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्ध अवस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने वाली अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिले ने देश में पहला तथा श्योपुर जिले ने तीसरा स्थान अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि सूची में 10 में से 3 जिले मध्यप्रदेश के हैं। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अटल पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में नए लोगो को जोड़ने और उनका पंजीयन कराने में बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कलेक्टर मृणाल मीणा की पहल पर जिले में बैंको द्वारा कृषि, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन एवं श्रम विभाग के साथ समन्वय कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश से दो टर्फ के गुजरने की वजह से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से कल कई जिलों में तेज बारिश हुई। आज भी 7 जिलों में भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर के खजुराहो, दमोह, कटनी, शिवपुरी और पन्ना में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने से साथ मध्यम से भारी बारिश में जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही अशोकनगर, शिवपुरी, ओरछा, सतना, सागर, बालाघाट, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, मैहर, जबलपुर, रीवा, मऊगंज, उज्जैन, भिंड, नरसिंहपुर और डिंडौरी में भी बारिश होने की संभावना जताई है।

संक्षिप्त समाचार

1- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा छिन्दवाड़ा जिले में जल स्त्रोतों की जियोटेगिंग की जा रही है।

2- शिवपुरी जिले के पोहरी में निर्धारित रेट से अधिक राशि में डीएपी बेचने के मामले में कार्रवाई की गई है। कल एक गोदाम पर डीएपी बोरियों की गिनती में स्टॉक से 2.10 मीट्रिक टन ज्यादा खाद निकला, जिसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया।

3- मुरैना में रिफाइंड तेल से सिंथेटिक पनीर बनाने की ग्रामीण इकाई पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही की गई, जिसमें 30 किलो पनीर जब्त किया गया है।

4- झाबुआ पुलिस द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन कल हुआ।